Think IAS...

दृष्टि The Vision

Think Drishti

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC)

# सामान्य अध्ययन (प्रारंभिक परीक्षा) प्रैक्टिस पेपर्स



दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम *(Distance Learning Programme)*

Code: CGPM30

दृष्टि The Vision

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC)

# सामान्य अध्ययन

## (प्रारंभिक परीक्षा)

# प्रैक्टिस पेपर्स


दृष्टि The Vision

**641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009**

**दूरभाष : 8750187501, 011-47532596**

**टोल फ्री : 1800-121-6260**

**Web :** www.drishtiIAS.com

**E-mail :** online@groupdrishti.com



पाठ्यक्रम, नोट्स तथा बैच संबंधी updates निरंतर पाने के लिये निम्नलिखित पेज को "like" करें

www.facebook.com/drishtithevisionfoundation

www.twitter.com/drishtiias

CGPCS DLP

# विषय सूची (Contents)


| | |
|---|---|
| प्रैक्टिस पेपर–1 | 5–17 |
| प्रैक्टिस पेपर–2 | 18–30 |
| प्रैक्टिस पेपर–3 | 31–43 |
| प्रैक्टिस पेपर–4 | 44–56 |
| प्रैक्टिस पेपर–5 | 57–69 |
| प्रैक्टिस पेपर–6 | 70–82 |
| प्रैक्टिस पेपर–7 | 83–94 |

प्रैक्टिस पेपर 1

# सी.जी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा) सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. शंभाजी के बाद मराठा शासन को किसने सरल और कारगर बनाया?
   (a) बालाजी विश्वनाथ (b) नानाजी देशमुख
   (c) राजाराम (d) गंगाबाई
2. बक्सर की लड़ाई के समय बंगाल का नवाब कौन था?
   (a) मीर जाफर (b) नज्मुद्दौला
   (c) सिराजुद्दौला (d) मीर कासिम
3. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?
   (a) कलकत्ता मदरसा - विलियम जोंस
   (b) भारतीय सुधार संघ - ज्योतिबा फुले
   (c) लैंड होल्डर्स सोसायटी - द्वारकानाथ टैगोर
   (d) विश्व भारती - रबींद्रनाथ टैगोर
4. निम्नलिखित में से कौन-सी जलसंधि मरमरा सागर को काला सागर से जोड़ती है?
   (a) जिब्राल्टर जलसंधि (b) बासफोरस जलसंधि
   (c) मेसिना जलसंधि (d) डोवर जलसंधि
5. केरल का कुट्टानाडु किस कारण से प्रसिद्ध है?
   (a) भारत का न्यूनतम ऊँचाई वाला क्षेत्र
   (b) एक प्रवालद्वीप के लिये
   (c) भारत का पश्चिमी बिंदु होने से
   (d) मीठे पानी की झील के लिये
6. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?
   (a) हुंडरू जलप्रपात - स्वर्ण रेखा नदी
   (b) महात्मा गांधी जलप्रपात - शरावती नदी
   (c) दूधसागर जलप्रपात - मांडवी नदी
   (d) शिवसमुद्रम जलप्रपात - कृष्णा नदी
7. पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के संबंध में किन संविधान संशोधनों द्वारा प्रावधान लागू किये गए?
   (a) 73वें एवं 74वें (b) 74वें एवं 75वें
   (c) 72वें एवं 73वें (d) 70वें एवं 71वें
8. भारतीय संविधान में किसी राज्य में विधान परिषद का सृजन करने के लिये कानून बनाने का अधिकार किसमें निहित है?
   (a) राज्यसभा (b) लोकसभा
   (c) विधानसभा (d) संसद
9. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिये–

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| (A) अनुच्छेद 36 | (1) संशोधन प्रक्रिया |
| (B) अनुच्छेद 74 | (2) मंत्रिपरिषद |
| (C) अनुच्छेद 110 | (3) धन विधेयक |
| (D) अनुच्छेद 368 | (4) नीति-निदेशक तत्त्व |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

10. फिलिप्स वक्र किनके मध्य संबंध को व्यक्त करता है?
    (a) मुद्रा विस्फीति एवं बेरोज़गारी
    (b) मुद्रास्फीति एवं बेरोज़गारी
    (c) मुद्रास्फीति एवं अदृश्य बेरोज़गारी
    (d) मुद्रा विस्फीति एवं चक्रीय बेरोज़गारी
11. 'गिल्ट-एज्ड बाज़ार' किससे संबंधित है?
    (a) सर्राफा बाज़ार
    (b) सरकारी प्रतिभूतियों का बाज़ार
    (c) बंदूकों का बाज़ार
    (d) शुद्ध धातुओं का बाज़ार
12. 'प्रतिच्छाया बैंकिंग' क्या है?
    (a) बैंक के कार्य को बैंक द्वारा आउटसोर्स करना
    (b) गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं द्वारा वित्तीय तथा अन्य गतिविधियों को संपन्न करना
    (c) घरेलू बैंकों की विदेश में गतिविधियाँ
    (d) विदेशी बैंक द्वारा दूसरे देश के अंदर बैंकिंग क्रियाएँ व अन्य गतिविधियाँ करना
13. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कीट नहीं है?
    (a) मकड़ी (b) खटमल
    (c) घरेलू मक्खी (d) मच्छर

97. कोरवा जनजाति का प्रसिद्ध नृत्य है-
   (a) मांद्री (b) बिलमा
   (c) करमा (d) दमनच

98. थापटी नृत्य किस जनजाति का प्रमुख नृत्य है?
   (a) कोरकू (b) बिंझवार
   (c) भतरा (d) भारिया

99. 'भुंजिया के लाल बंगला से क्या आशय है?'
   (a) रसोई (b) खेत
   (c) कपड़ा (d) झाड़ू

100. 'भड़ौनी गीत' किस प्रमुख गीत का अंश है?
   (a) विवाह गीत (b) देवार गीत
   (c) ददरिया गीत (d) बाँस गीत

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (a) | 3. (b) | 4. (b) | 5. (a) | 6. (d) | 7. (a) | 8. (d) | 9. (c) | 10. (b) |
| 11. (b) | 12. (b) | 13. (a) | 14. (a) | 15. (d) | 16. (c) | 17. (c) | 18. (a) | 19. (c) | 20. (b) |
| 21. (a) | 22. (d) | 23. (d) | 24. (c) | 25. (b) | 26. (a) | 27. (a) | 28. (d) | 29. (d) | 30. (b) |
| 31. (a) | 32. (c) | 33. (a) | 34. (b) | 35. (c) | 36. (b) | 37. (d) | 38. (a) | 39. (d) | 40. (c) |
| 41. (b) | 42. (c) | 43. (b) | 44. (d) | 45. (c) | 46. (b) | 47. (b) | 48. (b) | 49. (d) | 50. (a) |
| 51. (d) | 52. (a) | 53. (b) | 54. (a) | 55. (d) | 56. (a) | 57. (d) | 58. (d) | 59. (d) | 60. (c) |
| 61. (b) | 62. (a) | 63. (c) | 64. (d) | 65. (d) | 66. (d) | 67. (a) | 68. (b) | 69. (a) | 70. (d) |
| 71. (a) | 72. (b) | 73. (b) | 74. (c) | 75. (a) | 76. (a) | 77. (c) | 78. (d) | 79. (c) | 80. (b) |
| 81. (b) | 82. (b) | 83. (c) | 84. (b) | 85. (d) | 86. (a) | 87. (b) | 88. (b) | 89. (c) | 90. (a) |
| 91. (a) | 92. (b) | 93. (a) | 94. (c) | 95. (d) | 96. (c) | 97. (d) | 98. (a) | 99. (c) | 100. (a) |

# उत्तर (व्याख्या सहित)

**1. (a)** **बालाजी विश्वनाथ** (1713–20) ने शंभाजी के बाद मराठा शासन को सरल और कारगर बनाया।

**2. (a)** बक्सर का युद्ध अंग्रेज़ों तथा शुजाउद्दौला, मीर कासिम एवं शाहआलम द्वितीय के नेतृत्व वाली संयुक्त सेना के बीच 1765 में हुआ था। इस लड़ाई के समय बंगाल का नवाब **मीर जाफर** था।

**3. (b)** भारतीय सुधार संघ की स्थापना **केशवचंद्र सेन** ने की तथा ज्योतिबा फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की। अन्य सभी सही सुमेलित हैं।

**4. (b)** **बासफोरस जलसंधि** पश्चिमी तुर्की में अवस्थित एक अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग तथा एक संकीर्ण एवं प्राकृतिक जलसंधि है जो मरमरा सागर को काला सागर से जोड़ती है।

**5. (a)** **केरल का कुट्टानाडु** भारत का **न्यूनतम ऊँचाई वाला क्षेत्र है** जो समुद्र तल से नीचे अपनी खेती के तरीकों के लिये प्रसिद्ध है। इसे केरल का 'धान का कटोरा' भी कहा जाता है तथा साथ ही इसे सतत् कृषि एवं मत्स्य पालन के लिये भी जाना जाता है।

**6. (d)** भारत में अनेक नदियों पर जलप्रपात स्थित हैं जिनमें हुंडरू जलप्रपात स्वर्ण रेखा नदी पर, महात्मा गांधी जलप्रपात शरावती नदी पर तथा दूधसागर जलप्रपात मांडवी नदी पर स्थित है। परंतु **शिवसमुद्रम जलप्रपात** कृष्णा नदी पर स्थित न होकर **कावेरी नदी पर स्थित** है।

**7. (a)** पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के संबंध में भारतीय संविधान में क्रमशः 73वें और 74वें संविधान संशोधनों द्वारा भाग 9 और भाग 9-क जोड़कर वर्ष 1993 में प्रावधान लागू किये गए।

**8. (d)** संसद को यह अधिकार दिया गया है कि वह किसी राज्य में विधान परिषद का सृजन करने के लिये कानून बना सकती है। ऐसा कानून संसद तभी बना सकती है, जब राज्य विधानसभा पूर्ण बहुमत से तथा उपस्थित एवं मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से विधान परिषद को सृजित करने या समाप्त करने का प्रस्ताव पारित करके संसद को भेजे।

**9.(c)** सही सुमेलित इस प्रकार है-

प्रैक्टिस पेपर **2**

# सी.जी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| विभाग | संस्थापक |
|---|---|
| (a) दीवान-ए-मुस्तखराज | - अलाउद्दीन खिलजी |
| (b) दीवान-ए-अमीर कोही | - मुहम्मद बिन तुगलक |
| (c) दीवान-ए-खैरात | - फिरोज़ शाह तुगलक |
| (d) दीवान-ए-रियासत | - बलबन |

2. इनमें से किसने अप्रैल 1930 में नमक कानून तोड़ने के लिये तंजौर तट पर एक संगठित अभियान किया था?
(a) चिदंबरम पिल्लै (b) सी. राजगोपालाचारी
(c) के. कामराज (d) एनी बेसेंट

3. संत कवि मलूकदास का जन्मस्थान निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) आगरा (b) अयोध्या
(c) काशी (d) कड़ा

4. नीचे दी गई सूचियों को सुमेलित कीजिये:

| सूची-I (दर्रा) | सूची-II (पर्वत श्रेणी) |
|---|---|
| A. ज़ोजिला | 1. वृहत् हिमालय |
| B. बनिहाल | 2. जास्कर श्रेणी |
| C. फोटु ला | 3. पीरपंजाल श्रेणी |
| D. खारदुंग ला | 4. लद्दाख श्रेणी |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

5. हिमयुग और अंतर-हिमयुग पृथ्वी के विकास के किस कालखंड से संबंधित रहे हैं?
(a) प्लीस्टोसीन युग (b) कैंब्रियन युग
(c) जुरैसिक युग (d) सिलुरियन युग

6. उष्णकटिबंधीय चक्रवात के संबंध में चक्रवात का लैंडफॉल कहलाता है:
(a) चक्रवात का धीरे-धीरे क्षीण होकर खत्म होना।
(b) चक्रवात का समुद्री तट को पार करके ज़मीन पर पहुँचना।
(c) चक्रवात का कपासी मेघों से संघनन प्रक्रिया द्वारा ऊर्जा प्राप्त करना।
(d) इनमें से कोई नहीं।

7. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
(a) प्रथम अनुसूची – संघ राज्य क्षेत्रों के नाम और उनकी सीमाएँ
(b) तीसरी अनुसूची – विभिन्न उम्मीदवारों द्वारा ली जाने वाली शपथ
(c) दसवीं अनुसूची – दल-बदल के आधार पर अयोग्यता का प्रावधान
(d) आठवीं अनुसूची – भाषाएँ

8. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को उसका कार्यकाल समाप्त होने के पूर्व किसके द्वारा हटाया जा सकता है?
(a) विधानमंडल की अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्वारा
(b) विधानमंडल की अनुशंसा पर राज्यपाल द्वारा
(c) सर्वोच्च न्यायालय की अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्वारा
(d) संसद की अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्वारा

9. निम्नलिखित में से किनसे संबंधित संसदीय समिति गठित की जाती है?
(a) सार्वजनिक उद्यमों के बारे में
(b) आकलनों के बारे में
(c) अल्पसंख्यकों के कल्याण के बारे में
(d) उपरोक्त सभी के बारे में

10. तारापोर समिति संबंधित है:
(a) विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) से
(b) पूंजी खाते में पूर्ण परिवर्तनीयता से
(c) विदेशी मुद्रा रिज़र्व से
(d) भारतीय अर्थव्यवस्था पर तेल कीमतों के प्रभाव से

प्रैक्टिस पेपर 3

# सी.जी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. प्राचीन भारत का वह शासक जिसने अपने जीवन के अंतिम दिनों में जैन धर्म अपनाया–
   (a) समुद्रगुप्त (b) अशोक
   (c) प्रसेनजित (d) चंद्रगुप्त मौर्य
2. पूर्व मध्यकाल में बौद्ध धर्म के पतन के क्या कारण थे?
   1. गुप्त शासकों ने बौद्ध धर्म का विरोध किया तथा हिंदू धर्म को अपनाया।
   2. बुद्ध को इस समय तक भगवान विष्णु का अवतार समझा जाने लगा।
   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
3. विजयनगर साम्राज्य के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–
   1. यहाँ नायक प्रथा का प्रचलन था।
   2. विजयनगर राज्य व्यापारिक रूप से समृद्ध था।
   सही कथन का चयन कीजिये–
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
4. निम्नलिखित में से कौन-सा वृक्ष समुद्र तल से सर्वाधिक ऊँचाई पर पाया जाता है?
   (a) देवदार (b) चीड़
   (c) साल (d) सागौन
5. विश्व की सबसे लंबी पर्वत शृंखला कौन सी है?
   (a) हिमालय (b) रॉकीज
   (c) एंडीज (d) आल्प्स
6. निम्नलिखित में से किसे 'प्रात:कालीन शांत स्थल' कहा जाता है?
   (a) जापान (b) कोरिया
   (c) फिलीपींस (d) ताइवान
7. निम्नलिखित में से किस चार्टर अधिनियम ने बंगाल के गवर्नर जनरल को भारत का गवर्नर जनरल बना दिया?
   (a) 1858 भारत शासन अधिनियम
   (b) 1833 चार्टर अधिनियम
   (c) 1784 पिट्स इंडिया एक्ट
   (d) 1861 भारतीय परिषद अधिनियम
8. निम्नलिखित में से कौन-से राज्य पहले केंद्रशासित प्रदेश थे?
   (a) गोवा और हिमाचल प्रदेश
   (b) नागालैंड और हिमाचल प्रदेश
   (c) हिमाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश
   (d) (a) और (c) दोनों
9. भारत के उपराष्ट्रपति अपना इस्तीफा सौंपते हैं–
   (a) राष्ट्रपति को (b) लोकसभा अध्यक्ष को
   (c) उपसभापति को (d) इनमें से कोई नहीं
10. निम्नलिखित में से गलत युग्म की पहचान कीजिये–
    (a) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एनीमल जेनेटिक्स – करनाल
    (b) इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सुगरकेन रिसर्च – लखनऊ
    (c) सेंट्रल डक (Duck) ब्रीडिंग फॉर्म – चिकमंगलूर
    (d) सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ कोस्टल इंजीनियरिंग – बेंगलोर फॉर फिशरीज़
11. राष्ट्रीय आय की सर्वप्रथम गणना की थी–
    (a) महालनोबिस ने (b) वी.के.आर.वी. राव ने
    (c) दादाभाई नौरोजी ने (d) प्रो. सेराय ने
12. राष्ट्रीयकरण के बाद इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया को नाम दिया गया–
    (a) भारतीय रिज़र्व बैंक
    (b) बैंक ऑफ इंडिया
    (c) भारतीय ओवरसीज बैंक
    (d) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
13. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सुमेलित नहीं है?
    (a) नारियल - भ्रूणपोष
    (b) अदरक - प्रकंद
    (c) प्याज़ - मांसल पर्ण
    (d) आलू - मूल
14. 'प्लवमान जीन' (जंपिंग जीन) के सिद्धांत का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया?
    (a) बारबरा मैक्लिंटॉफ (b) टॉमस हंट मॉर्गन
    (c) ग्रेगर जॉन मेंडल (d) वॉटसन और क्रिक

प्रैक्टिस पेपर **4**

# सी.जी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. सरहिंद आक्रमण के बाद बंदा बहादुर ने पादशाह की उपाधि धारण की, एक नया कैलेंडर आरंभ किया और किन गुरुओं के नाम वाले सिक्के जारी किये?
   (a) गुरु नानक और गुरु हरगोबिंद
   (b) गुरु नानक और गुरु गोबिंद सिंह
   (c) गुरु हरगोबिंद और गुरु अर्जन
   (d) गुरु गोबिंद सिंह और गुरु तेग बहादुर
2. संत शंकरदेव का संबंध किस क्षेत्र से था?
   (a) असम (b) उत्तर प्रदेश
   (c) बिहार (d) तमिलनाडु
3. धनदेव के अयोध्या अभिलेख से किस शासक द्वारा अश्वमेध यज्ञ किये जाने की सूचना प्राप्त होती है?
   (a) पुष्यमित्र शुंग (b) अग्निमित्र
   (c) समुद्रगुप्त (d) नागभट्ट-प्रथम
4. कोपेन की Cs जलवायु किससे संबंधित है?
   (a) मध्य अक्षांशीय शंकुधारी वन
   (b) भूमध्यसागरीय क्षेत्र
   (c) मध्य अक्षांशीय मरुस्थल
   (d) उपोष्ण मरुस्थल
5. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?
   (a) बाणसागर परियोजना - सोन नदी
   (b) फरक्का परियोजना - गंगा नदी
   (c) मंडी परियोजना - व्यास नदी
   (d) तिलैया परियोजना - मयूराक्षी नदी
6. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित है?
   (a) कोलेरू - आंध्र प्रदेश
   (b) लोकटक - मिज़ोरम
   (c) पुलिकट - केरल
   (d) रोपड़ - राजस्थान
7. महाधिवक्ता निम्नलिखित में किसके प्रसादपर्यंत पद धारण करता है?
   (a) राष्ट्रपति (b) मुख्यमंत्री
   (c) राज्यपाल (d) किसी के नहीं
8. भारतीय संविधान में नागरिकों को कौन-सा मूल अधिकार नहीं दिया गया है?
   (a) दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार
   (b) देश में कहीं भी विचरण का अधिकार
   (c) सूचना का अधिकार
   (d) शोषण के विरुद्ध अधिकार
9. अनुच्छेद-143 राष्ट्रपति को निम्नलिखित में से किसके साथ परामर्श करने की शक्ति प्रदान करता है?
   (a) प्रधानमंत्री के साथ
   (b) राज्यपाल के साथ
   (c) उच्चतम न्यायालय के साथ
   (d) उच्च न्यायालय के साथ
10. संपूर्ण देश की आर्थिक जनगणना करता है–
   (a) व्यय विभाग
   (b) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (NSSO)
   (c) नीति आयोग
   (d) केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO)
11. गेहूँ के उत्पादन के संदर्भ में गलत कथन की पहचान करें–
   1. उत्तर प्रदेश में गेहूँ कृषि के अंतर्गत सर्वाधिक भूमि है।
   2. हरियाणा की उत्पादकता अत्यधिक है।
   3. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक उत्पादन होता है।
   
   कूटः
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3
12. अनाज की बफर स्टॉकिंग ने सरकार के किस लक्ष्य को हासिल नहीं किया?
   (a) खाद्य समस्या का समाधान
   (b) सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रबंधन
   (c) रोज़गार सृजन
   (d) अधिकतर लोगों को पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता

प्रैक्टिस पेपर **5**

# सी.जी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. निम्नलिखित में से किस राजपूत वंश की उत्पत्ति अग्निकुल के सिद्धांत के अनुसार यज्ञ के अग्निकुंड से नहीं हुई थी?
   (a) परमार (b) चौहान
   (c) सोलंकी (d) चंदेल
2. निम्नलिखित में से किस मुगल शासक ने लाला कलावंत से हिंदू संगीत की शिक्षा ली थी?
   (a) हुमायूँ (b) जहाँगीर
   (c) अकबर (d) शाहजहाँ
3. दधेरी एक परवर्ती हड़प्पीय पुरास्थल है-
   (a) जम्मू का (b) पंजाब का
   (c) हरियाणा का (d) उत्तर प्रदेश का
4. निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ियाँ पश्चिमी घाट के अंतर्गत शामिल हैं?
   1. अन्नामलाई 2. नीलगिरि
   3. नल्लामलाई 4. कार्डमम
   5. जवादी
   कूट:
   (a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 2 और 4
   (c) केवल 2, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी
5. निम्नलिखित में से कौन-सी नदियाँ एशिया महाद्वीप में स्थित हैं?
   1. फरात नदी 2. पो नदी
   3. इरावदी नदी 4. राइन नदी
   5. मेकांग नदी
   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये-
   (a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 3 और 4
   (c) केवल 1, 3 और 5 (d) केवल 2, 4 और 5
6. राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना कब की गई थी?
   (a) 18 अक्टूबर, 2015 (b) 20 अक्टूबर, 2010
   (c) 15 सितंबर, 2012 (d) 18 अक्टूबर, 2010
7. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है और उसे पद से हटाया जा सकता है-
   (a) राष्ट्रपति के आदेश द्वारा
   (b) संसद के दोनों सदनों द्वारा विशेष बहुमत पारित करके
   (c) कदाचार या असमर्थता के आधार पर
   (d) उपरोक्त सभी द्वारा
8. अंतर्राष्ट्रीय संधियों को भारत के किसी भी भाग अथवा संपूर्ण भारत पर लागू करने के लिये किसके द्वारा कानून बनाया जा सकता है?
   (a) संसद द्वारा
   (b) संसद संबंधित राज्य की सहमति द्वारा
   (c) संसद सभी राज्यों की सहमति द्वारा
   (d) राष्ट्रपति द्वारा
9. भारतीय संविधान सभा के पहले दिन की अध्यक्षता किसने की थी?
   (a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
   (b) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा
   (c) डॉ. बी.आर. अंबेडकर
   (d) पं. जवाहरलाल नेहरू
10. पर्यटन के लिये विदेशियों का भारत आना है–
    (a) आयात (b) निर्यात
    (c) पर्यटन (d) इनमें से कोई नहीं
11. नीम कोटेड यूरिया का मुख्य उद्देश्य नहीं है–
    (a) यूरिया निश्छालन में कमी लाना
    (b) यूरिया की कालाबाज़ारी रोकना
    (c) उर्वरक के रूप में प्रयोग को कम करना
    (d) इनमें से कोई नहीं
12. पेटेंट की एवरग्रीनिंग से तात्पर्य है–
    (a) एक ही उत्पाद का भिन्न प्रयोग करना
    (b) एक ही उत्पाद के निर्माण के लिये भिन्न प्रक्रिया अपनाना
    (c) पेटेंट अवधि का विस्तार
    (d) एक ही इस्तेमाल के लिये भिन्न उत्पाद का उपयोग

प्रैक्टिस पेपर 6

# सी.जी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. निम्नलिखित गवर्नर जनरलों में से किसको 'दयालु' (क्लीमेंसी) विशेषण से संबोधित किया गया?
   (a) लॉर्ड केनिंग (b) लॉर्ड मेयो
   (c) लॉर्ड रिपन (d) लॉर्ड लैंसडाउन
2. अपने विचारों को संचारित करने के लिये महात्मा गांधी निम्नलिखित में से किस समाचार-पत्र से संबद्ध नहीं थे?
   (a) हरिजन (b) इंडियन ओपीनियन
   (c) यंग इंडिया (d) द लीडर
3. वैदिक युग में राजा के पश्चात् महत्त्वपूर्ण अधिकारी था-
   (a) गोविकर्तन (b) पुरोहित
   (c) रानी (d) सेनानी
4. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| | **उपनिषदकालीन राजा** | | **राज्य** |
|---|---|---|---|
| (a) | अजातशत्रु | - | मगध |
| (b) | अश्वपति | - | केकय |
| (c) | जनक | - | कोसल |
| (d) | प्रवाहण जाबालि | - | पांचाल |

5. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक अमीर खुसरो की रचना नहीं है?
   (a) इज़ाज-ए-खुसरवी (b) फ़ुतुहात-ए-फिरोज़शाही
   (c) नूह-सिपहर (d) किरान-उस-सादेन
6. राष्ट्रवादी गायक पं. विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने 1901 में अपना पहला गंधर्व महाविद्यालय कहाँ स्थापित किया?
   (a) कराची (b) मुंबई
   (c) बड़ौदा (d) लाहौर
7. निम्नलिखित में से किसने पहली बार व्याख्या की थी कि पृथ्वी के अपनी धुरी पर घूमने के कारण प्रतिदिन सूर्योदय एवं सूर्यास्त होते हैं?
   (a) आर्यभट्ट (b) भास्कर
   (c) ब्रह्मगुप्त (d) वराहमिहिर
8. जैव- विविधता में परिवर्तन होता है–
   (a) भूमध्य रेखा की तरफ घटता है।
   (b) भूमध्य रेखा की तरफ बढ़ता है।
   (c) ध्रुवों की तरफ बढ़ता है।
   (d) ध्रुवों की तरफ एक समान रहता है।
9. ग्रेट हिमालय राष्ट्रीय पार्क कहाँ स्थित है?
   (a) उत्तराखंड (b) जम्मू-कश्मीर
   (c) सिक्किम (d) हिमाचल प्रदेश
10. निम्नलिखित में से कौन एक समुद्री जलधारा अन्य जलधाराओं से भिन्न है?
   (a) लैब्रेडोर (b) नॉर्वे धारा
   (c) केनरी धारा (d) क्यूरो-सिवो धारा
11. हॉरमुज जलसंधि किन दो सागरों को जोड़ती है?
   (a) लाल सागर को ओमान की खाड़ी से
   (b) लाल सागर को अदन की खाड़ी से
   (c) फारस की खाड़ी को अदन की खाड़ी से
   (d) फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से
12. लताएँ (लियाना) व अधिपादप (एपीफाइट) किस प्रकार के बायोम की विशेषता है?
   (a) पर्णपाती वनों की
   (b) शंकुधारी वनों की
   (c) उष्णकटिबंधीय सदाहरित वनों की
   (d) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वनों की
13. बोरो जनजाति विश्व में कहाँ निवास करती है?
   (a) कांगो बेसिन
   (b) मलाया प्रायद्वीप
   (c) पश्चिम अमेजन बेसिन
   (d) दक्षिण अफ्रीका
14. भारत में नागरिकता संबंधी कानून बनाने का अधिकार प्राप्त है-
   (a) राज्य विधानमंडल को
   (b) संसद को
   (c) राष्ट्रपति को
   (d) राज्यपाल को
15. निम्न में से कौन-सा/से तत्त्व संघवाद की मूल अवधारणाओं से संबंधित है/हैं?
   1. दोहरा शासन 2. स्वतंत्र न्यायपालिका
   3. लिखित संविधान 4. एकल नागरिकता

प्रैक्टिस पेपर **7**

# सी.जी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा) सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. कल्हण की 'राजतरंगिणी' को किसने आगे बढ़ाया?
   (a) बिल्हण एवं मेरुतुंग (b) बिल्हण एवं मम्मट
   (c) जोनराज एवं मेरुतुंग (d) जोनराज एवं श्रीवर
2. निम्नलिखित सूफियों में से किसने कृष्ण को औलिया के रूप में माना?
   (a) शाह मोहम्मद गौस
   (b) शाह अब्दुल अज़ीज
   (c) शाह वली उल्ला
   (d) ख्वाजा मीर दर्द
3. सूफी परंपरा के साहित्य के संदर्भ में 'मक्तुबात' से क्या तात्पर्य है?
   (a) सूफी संतों की बातचीत का संकलन
   (b) सूफी संतों द्वारा लिखे हुए पत्रों का संकलन
   (c) सूफी संतों की जीवनियों का स्मरण
   (d) इनमें से कोई नहीं
4. निम्नलिखित में से किसने हूण शासक मिहिरकुल को पराजित किया था?
   (a) बुद्धगुप्त (b) यशोधर्मन
   (c) शशांक (d) प्रभाकरवर्द्धन
5. 'नाई-धोबी बंद' सामाजिक बहिष्कार का एक स्वरूप था, जो 1919 में-
   (a) किसानों द्वारा प्रतापगढ़ में चलाया गया था।
   (b) निम्न जाति के लोगों के उद्धार के लिये चलाया गया आंदोलन था।
   (c) निम्न जातियों द्वारा ठेकेदारों के विरुद्ध चलाया गया आंदोलन था।
   (d) ज़मींदारों द्वारा गाँव की निम्न जातियों के विरुद्ध उठाया गया कदम था।
6. यह किसने कहा, "मुझे इस आरोप के संबंध में क्षमा नहीं मांगनी है कि संविधान के प्रारूप में गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935 के एक बड़े भाग को पुन: उत्पादित कर दिया गया है?"
   (a) राजेंद्र प्रसाद
   (b) सरदार पटेल
   (c) जवाहरलाल नेहरू
   (d) डॉ. बी.आर. अंबेडकर
7. किसने सल्तनतकाल में डाक व्यवस्था का विस्तृत विवरण दिया है?
   (a) अमीर खुसरो (b) इब्नबतूता
   (c) सुल्तान फिरोज़शाह (d) जियाउद्दीन बरनी
8. निम्नलिखित में से कौन-सा देश स्थलरुद्ध है?
   (a) पेरू (b) इक्वाडोर
   (c) पराग्वे (d) कोलंबिया
9. पनामा नहर निम्नलिखित में से किन्हें जोड़ती है?
   (a) ब्यूफोर्ट सागर और प्रशांत महासागर
   (b) लाल सागर और भूमध्य सागर
   (c) कैरेबियन सागर और प्रशांत महासागर
   (d) कैस्पियन सागर और कैरेबियन सागर
10. गंगा की निम्नलिखित सहायक नदियों को पश्चिम से पूर्व दिशा में व्यवस्थित कीजिये-
    1. गोमती 2. यमुना
    3. सोन 4. कोसी
    कूट:
    (a) 2–1–3–4 (b) 2–3–1–4
    (c) 1–3–4–2 (d) 3–2–1–4
11. मौसम संबंधी घटनाएँ किस मंडल में होती हैं?
    (a) आयनमंडल (b) मध्यमंडल
    (c) समतापमंडल (d) क्षोभमंडल
12. सर्वाधिक ऊँचाई के बादल हैं-
    (a) मध्य कपासी (b) वर्षा मेघ
    (c) कपासी (d) पक्षाभ मेघ
13. निम्नलिखित शहरों में से चर्म, जूट और कपास का औद्योगिक केंद्र कहाँ है?
    (a) दिल्ली (b) जयपुर
    (c) हैदराबाद (d) कानपुर
14. अनुच्छेद-108 के अंतर्गत लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक आयोजित की जाती है:
    (a) राष्ट्रपति द्वारा
    (b) लोकसभा अध्यक्ष द्वारा
    (c) प्रधानमंत्री द्वारा
    (d) राज्यसभा के सभापति द्वारा

## डी.एल.पी. बुकलेट्स की विशेषताएँ

- आयोग के नवीनतम पैटर्न पर आधारित अध्ययन सामग्री।
- पैराग्राफ, बुलेट फॉर्म, सारणी तथा फ्लोचार्ट का उपयुक्त समावेश।
- विषयवस्तु की सरलता, प्रामाणिकता तथा परीक्षा की दृष्टि से उपयोगिता पर विशेष ध्यान।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में विगत वर्षों में पूछे गए एवं संभावित प्रश्नों का समावेश।


**Website : www.drishtiIAS.com**
**E-mail : online@groupdrishti.com**

DrishtiIAS
YouTube Drishti IAS
drishtiias
drishtithevisionfoundation

**641, First Floor, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009**
**Phones : 8750187501, 011-47532596**